राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक : गृह विज्ञान

पाठ 09 : खाद्य परिरक्षण

कार्यपत्रक - 09

1. आपका भाई यह जानने के लिए उत्सुक है कि दूध क्यों उबाला जाता है ? और डेयरी से ताजा आया दूध क्यों नहीं पिया जा सकता। उसे कारण बताते हुए दूध उबालने की आवश्यकता समझाएं
2. अपनी बहन के पास जाने पर, जो एक किसान है, आपको अच्छी फसल के बाद बहुत सारी बर्बादी दिखाई देती है। उसके साथ खाद्य परिरक्षण के कम से कम दो घरेलू तरीके साझा करें जिनका उपयोग वह इस बर्बादी को रोकने के लिए कर सकती हैं।
3. अचार बनाने की सामान्य प्रक्रिया को दिखाने के लिए फ़्लोचार्ट का उपयोग करें। इस जानकारी का उपयोग करके सर्दियों की किसी भी सब्जी का अचार बनाने की विधि विकसित करें।
4. आपकी मित्र सुनीता के पास अमरूद का बाग है। अमरूद का जैम बनाने में उसकी मदद कीजिये । उसके लिए सामग्री और विधि निर्दिष्ट करने के लिए नुस्खा लिखिये|
5. आपकी माँ के मित्र समूह की महिलाओं को घर का बना स्क्वैश तैयार करने का उद्यम शुरू करने के लिए मदद की ज़रूरत है। स्क्वैश बनाने की सामान्य प्रक्रिया के बारे में उनका मार्गदर्शन कीजिये और उन्हें बॉटलिंग करते समय पालन करने वाली सावधानियों की आवश्यकता बताएं ।
6. आपने ताजे मटर बहुत कम दाम में थोक में खरीदे हैं। आप यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कर सकते हैं कि वे लंबे समय तक चले और गर्मियों के महीनों में उपलब्ध हों जब मटर महंगी हो? उस प्रक्रिया को विस्तार से लिखिए जिसका उपयोग आप उन्हें संरक्षित करने के लिए करेंगे।
7. निर्जलीकरण भोजन को कैसे सुरक्षित रखता है? ऐसे चार खाद्य पदार्थों का उल्लेख कीजिए जिन्हें इस विधि द्वारा परिरक्षित किया जा सकता है।
8. अगर अचार को तेल की परत से न ढके तो क्या होगा? ऐसा करने के दो वैज्ञानिक आधार लिखिए।
9. जैली बनाने में निम्नलिखित की भूमिका स्पष्ट कीजिए:

   क) फलों का रस छानना

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक : गृह विज्ञान

पाठ 09 : खाद्य परिरक्षण

कार्यपत्रक - 09

ख) पेक्टिन का प्रयोग

ग) रस का उबालना

घ) साइट्रिक एसिड का प्रयोग

10) आपको झुग्गी में रहने वाले लोगों को खाद्य परिरक्षण की आवश्यकता समझानी होगी। भोजन को संरक्षित करने की आवश्यकता और भोजन के संरक्षण के मूल सिद्धांतों को समझाने के लिए एक छोटी कविता /गीत लिखिये ।